<u>फैक्स/स्पीड पोस्ट द्वारा</u>
सं.134/1/एचएजी/प्रशा/र.सं.(12)/17
भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय
रक्षा संपदा महानिदेशालय
रक्षा संपदा भवन
उलान बाटर मार्ग, दिल्ली छावनी-10

दिनांक 20 जून, 2017

सेवा में,

प्रधान निदेशक,
रक्षा संपदा,
रक्षा मंत्रालय,
मध्य/पूर्व/उत्तर/दक्षिण/दक्षिण-पश्चिम/पश्चिम कमान,
लखनऊ/कोलकाता/जम्मू/पुणे/जयपुर/चंडीगढ़

विषय: भारतीय रक्षा सम्पदा सेवा के ग्रुप 'ए' अधिकारियों की उच्च प्रशासनिक ग्रेड (एचएजी) के रु 67,000–79,000/-के पूर्व संशोधित वेतनमान में पदोन्नति।

विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों के आधार पर मंत्रिमण्डलीय नियुक्ति समिति (एसीसी) ने रिक्ति वर्ष 2017-18 के लिए **श्री प्रचुर गोयल (भा र सं से-1985)** को भारतीय रक्षा संपदा सेवा के उच्च प्रशासनिक ग्रेड के रु 67,000–79,000/-के पूर्व संशोधित वेतनमान में पदोन्नति के लिए इंपैनलमेंट को पद के कार्यभार ग्रहण किए जाने की तारीख से और अगले आदेश तक अनुमोदित किया है।

2. मंत्रिमण्डलीय नियुक्ति समिति (एसीसी) द्वारा श्री प्रचुर गोयल की पदोन्नति के अनुमोदन के अनुसरण में तथा सक्षम प्राधिकारी (माननीय रक्षा मंत्री) के अनुमोदन से श्री प्रचुर गोयल, अपर महानिदेशक, रक्षा सम्पदा, दिल्ली को स्थानांतरित कर वर्तमान रिक्ति पर प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, उत्तर कमान, जम्मू के रूप में तैनात किया जाता है। वे श्री राहुल दुआ, वरिष्ठ अपर महानिदेशक, रक्षा सम्पदा को उनके प्रधान निदेशक, रक्षा सम्पदा, उत्तर कमान, जम्मू के अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त करेगें।

3. यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता और कार्यभार ग्रहण समय नियमानुसार स्वीकार्य होगा।

4. कार्यभार ग्रहण करने/कार्यभार छोड़ने की तारीख की सूचना इस महानिदेशालय को तत्काल दी जाए।

पी. डेनियल

(पी डेनियल)
अपर महानिदेशक (प्रशासन एवं सतर्कता)
रक्षा संपदा

कृ. पृ.उ.

प्रतिलिपि :-

रक्षा मंत्री के प्रधान सचिव, रक्षा राज्य मंत्री के प्रधान सचिव, रक्षा सचिव के ओएसडी,
अपर सचिव (जे), रक्षा मंत्रालय, अपर सचिव (आर), रक्षा मंत्रालय,
सचिव, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली
संयुक्त सचिव (वर्क्स), रक्षा मंत्रालय, संयुक्त सचिव (स्था), रक्षा मंत्रालय
डी (नियुक्तियां), रक्षा मंत्रालय, डी (क्यू एण्ड सी), रक्षा मंत्रालय
अवर सचिव, ई ओ (एसएम-II), कार्मिक व प्रशिक्षण विभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली
प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक मुख्यालय, 'जी' ब्लॉक, नई दिल्ली-11
प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक, उत्तर कमान, जम्मू
निदेशक, राष्ट्रीय रक्षा संपदा प्रबंधन संस्थान, दिल्ली छावनी
संबंधित अधिकारी (नाम से)
संबंधित अधिकारी की व्यक्तिगत फाइल
रक्षा संपदा महानिदेशालय के सभी अधिकारी
प्रतिनियुक्ति पर सभी अधिकारी
महानिदेशक, रक्षा संपदा के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव
वरिष्ठ अपर महानिदेशक के प्रधान निजी सचिव
रक्षा संपदा महानिदेशालय (राजभाषा अनुभाग)/गार्ड/फ्लोट फाइलें
डीएमएस/ ए यू एण्ड आर सी/ वेबसाइट